MS – 128

II Semester B.Com. Examination, May/June 2014
(Freshers Scheme) (2013-14 and Onwards)
LANGUAGE HINDI (Paper – II)
Poetry, Commercial Letters and Translation of Terminology

Time : 3 Hours Max. Marks : 100

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द वाक्यांश, वाक्य में लिखिए। **(1×10=10)**

1) बल-बुद्धि का भण्ड़ार किसे कहा गया है ?

2) जीवन का अंतिम ध्येय क्या है ?

3) गौतमी-गीता में जन्म के साथ क्या अनिवार्य है ?

4) जग में गुण के साथ क्या जागा ?

5) विजयदशमी कविता में दस मंजिल ऊपर से चढ़कर किसे जलते हुए देखा गया ?

6) बीन भी हूँ, मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ – कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

7) शिल्पी, मिट्टी के पुतलों में क्या भर देता है ?

8) सच्चे मित्र की पहचान कब होती है।

9) 'लालसा और हार्दिक कामना' कविता के आधार पर सागर किसका आलिंगन करता है ?

10) कौन अपनी कृति से असंतुष्ट है ?

II. अ) किसी **एक** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(1×8=8)**

1) जामवंत के वचन सुहाए। सुनि हनुमंत हृदय अति भाए।।
तब लगि मोहि परिखेहु तुम्ह भाई।
सहि दुख कंद मूल फल खाई।।

2) अमी पियावत मान बिनु, रहिमन मोहि न सुहाय।
प्रेम सहित मरिबौ भलो, जो विष देय बुलाय।।

P.T.O.

आ) किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। **(2×8=16)**

1) दस मंजिल ऊपर से चढ़कर
देखा रावण जलता,
सदियों से स्वाहा होकर भी
प्राण निरंतर फलता

2) इस बार किया था जब मैंने
अपनी अपूर्ण रचना का क्षय
सब दोष हटा जग रचने का
मेरे मन में था दृढ़ निश्चय।

3) जीवन रजनी का अमल इन्दु
न मिला स्वाती का एक बिन्दु
जो हृदय सीप में मोती बन
पूरा कर देता लक्ष हार
धीरे से वह उठता पुकार
मुझको न मिला रे कभी प्यार।

III. किन्हीं **दो** कविताओं का सारांश विशेषताओं सहित लिखिए। **(2×16=32)**

1) स्रष्टा भी यह कहता होगा।

2) शिल्पी।

3) लालसा और हार्दिक कामना।

IV. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए। **(2×7=14)**

1) प्रियतम के प्रति महादेवी का प्रेम।

2) विजयदशमी का भावनात्मक वर्णन।

3) परशुराम का संदेश।

V. कोई **एक** पत्र लिखिए। **(1×10=10)**

1) खूबसूरत साड़ी सेन्टर, एवन्यू रोड़ बैंगलोर की ओर से कांजीवरम साड़ी सेन्टर एम.जी.रोड़ चेन्नई को माल मँगाने के लिए एक आदेश पत्र लिखिए।

2) राष्ट्रीय प्रकाशन प्रतिष्ठान, पुस्तक विक्रेता हीराबाग रोड़ मुंबई की और से व्यवस्थापक जनरल एन्सोरेन्स सोसायटी लिमिटेड बैंगलोर को जली हुई दुकान की क्षतिपूर्ति के लिए एक बीमा संबंधी पत्र लिखिए।

VI. **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए। **(1×10=10)**

1) Custody
2) Demotion
3) Absolute
4) Extent
5) Guilt
6) Holder
7) Incite
8) Letter of credit
9) Neutral
10) Parallel.